नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 लू के थपेड़ों के बीच बारिश देगी राहत


6 मां बगलामुखी : आत्मबल, संयम और विजय की प्रेरणा


7 मोहिनी एकादशी व्रत से मिलती है समृद्धि


8 मानव-मानुष सीजन 7 में सबसे आगे

# गुंडागर्दी पर लगेगी लगाम

## अमित शाह बोले-हार से घबराई हुई हैं ममता बनर्जी

**कोलकाता, 25 अप्रैल. पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में इस समय सियासी घमासान अपने चरम पर है.शिवपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भव्य रोड शो के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला.शाह ने दावा किया कि ममता बनर्जी अपनी संभावित हार से घबराई हुई हैं और उनकी सरकार अब 5 मई तक ही सीमित रह जाएगी.**



अमित शाह ने अपने संबोधन में तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और भाजपा की सरकार बनने पर 'गुंडागर्दी' पर पूरी तरह लगाम लगाई जाएगी. उन्होंने धार्मिक मुद्दों को उठाते हुए कहा कि बंगाल की भूमि पर 'मां दुर्गा' का सम्मान सर्वोपरि है और विवादित निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

वहीं, शनिवार को कोलकाता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाह ने कहा कि जनता ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले चरण में दीदी के गुंडे बाहर नहीं निकल पाए, जिससे शांतिपूर्ण मतदान संभव हो सका। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर जो आरोप लगाए जाते रहे हैं, वे अब जनता के फैसले से खारिज हो जाएंगे।अमित शाह ने अपने बयान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला.

### टीएमसी का दीपक बुझ रहा है : नितिन नवीन



बारानगर, 25 अप्रैल. पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है और दूसरे चरण के लिए राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव प्रचार तेज कर दिया गया है. शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बारानगर में विशाल रोड शो का नेतृत्व किया. रोड शो के दौरान नितिन नवीन ने लोगों से मिल रहे प्यार के लिए उनका आभार जताया. आईएएनएस से बातचीत में नितिन नवीन ने कहा कि पश्चिम बंगाल अब अपनी खोई हुई गरिमा वापस पाने और भय की राजनीति को हमेशा के लिए खारिज करने के लिए पूरी तरह तैयार है. सड़कों पर जो रुझान दिख रहा है, वह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी. चार मई को कमल खिलने वाला है.

### ममता की नीति बंगाल में बीजेपी के लिए खोल रही है रास्ता




कोलकाता, 25 अप्रैल. राहुल गांधी ने शनिवार को हुगली में रैली कर भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ 36 केस दर्ज हैं क्योंकि वे लगातार भाजपा से लड़ते हैं. टीएमसी के गुंडे बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वैसे ही प्रताड़ित कर रहे हैं, जैसे मोदी देश में कर रहे हैं. ममता की यह नीति बंगाल में बीजेपी के लिए रास्ता खोल रही है .उन्होंने सीधा सवाल दागा कि आखिर जांच एजेंसियां केवल कांग्रेस को ही निशाना क्यों बना रही हैं? राहुल ने साफ किया कि ममता और मोदी के बीच की यह मिलीभगत अंतत: बीजेपी को ही फायदा पहुंचा रही है.

# ईसी ने 6 पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.**

आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है. आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिंगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए. उन पर भेदभाव और स्थानीय तत्वों से साठगांठ करने तथा सबको बराबरी का अवसर देने में विफल रहने का आरोप है. आयोग ने श्री सरकार की जगह थाने में दूसरा प्रभारी नियुक्त किए जाने को भी कहा है. आयोग ने इसी तरह डायमंड हार्बर जिला क्षेत्र के पांच अधिकारियों के खिलाफ भी चुनाव के दौर में ड्यूटी के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं.



सैमसन ने आईपीएल 2026 का अपना दूसरा शतक लगाकर सीएसके का स्टार बने!

# 'आप' के 50 विधायक छोड़ सकते हैं पार्टी : नवीन जयहिंद

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल. आम आदमी पार्टी के 7 सासदों के पार्टी छोड़े जाने के बाद अब 50 विधायकों की भी पार्टी को छोड़ जाने की चर्चा चल रही है. सूत्रों के अनुसार दिल्ली से 22 और पंजाब से 28 विधायक के पार्टी छोड़ने की बात कही जा रही है.**

आम आदमी पाटी हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा है कि आने वाले दिनों में पंजाब के करीब 28 विधायक भी आम आदमी पार्टी छोड़ सकते हैं. इसके साथ ही पंजाब में मौजूदा सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं. उनका कहना है कि पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा है.


पंजाब में मौजूदा सरकार पर मंडरा रहे संकट के बादल

वहीं दूसरी ओर मनीष सिसोदिया ने अरविंद केजरीवाल के आवास पर करीब डेढ़ घंटे तक बागी विधायकों को लेकर चर्चा की. इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम राष्ट्रपति को पत्र लिखेंगे. केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर ये भी आरोप लगाए हैं कि गुजरात में आप का बीजेपी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज को ब्लॉक कर दिया है. बीजेपी इतना आप से इतना क्यों डरी हुई है?

### सीएम मान ने राष्ट्रपति से मुलाकात का मांगा समय

वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस मामले में राष्ट्रपति से मुलाकात का समय मांगा है, जबकि आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने उपराष्ट्रपति से मिलकर दलबदल करने वाले सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग करने की बात कही है. इस पूरे घटनाक्रम ने पार्टी के भीतर और बाहर दोनों जगह राजनीतिक तनाव बढ़ा दिया है.

## एक नजर में



### महेन्द्र यादव अपेक्स बैंक के चेयरमैन पर सहमति

**ग्वालियर.** ग्वालियर के भाजपा नेता महेन्द्र सिंह यादव को अपेक्स बैंक का चेयरमेन बनाए जाने पर सहमति बन गई है. उनके नियुक्ति आदेश जल्द जारी हो सकते हैं. इधर बीजेपी के मोर्चों की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित होने के बाद अब प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। धीरज खंडेलवाल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बनाए गए हैं। महेश पालीवाल को शिक्षक प्रकोष्ठ और श्याम निषाद को मछुआरा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया गया है।

### नहीं की गई है पुनर्मतदान की सिफारिश : आयोग

**नयी दिल्ली.** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गयी है. यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी. पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गये थे. कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा .

### पुलिस और शिकारियों के बीच मुठभेड़

**पीलीभीत.** पीलीभीत की बराही रेंज में पुलिस और शिकारियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आरोपी घायल हुए हैं, जबकि चार अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है. ये वही शिकारी हैं जो हाल ही में वन्य जीवों का शिकार करने के बाद वनकर्मियों पर फायरिंग कर चर्चा में आए थे. पुलिस पहले ही एक आरोपी को एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार कर चुकी है. ताजा मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.

# महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है नीति आयोग : मोदी

- सरकार ने किया नीति आयोग का पुनर्गठन
- पीएम मोदी ने नई टीम को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल. सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन किया है और पूर्व आर्थिक सलाहकार डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को सरकार के इस शीर्ष परामर्श संस्थान का उपाध्यक्ष बनाया है.**

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी राजीव गौबा तथा प्रो. के.वी. राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को आयोग पूर्णकालिक सदस्य



बनाया गया है. डॉ. लाहिड़ी नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉक्टर सुमन बेरी का स्थान ले रहे हैं जो दो मई 2021 से इस पद पर थे. वह पश्चिम बंगाल विधानसभा में बालूरघाट निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। उन्होंने इस बार का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है. वह 15वें वित्त आयोग के सदस्य रहे हैं.

> श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि नीति आयोग भारत की नीति-निर्माण संरचना का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन की सुगमता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है. यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है.

प्रधानमंत्री पदेन इस निकाय के अध्यक्ष होते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्थान के पुनर्गठन पर नए उपाध्यक्ष और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी हैं.

# एच-1बी वीजा पर 3 साल की रोक का प्रस्ताव

- एच -1बी वीजा खत्म करने की तैयारी, नया बिल पेश
- अमेरिकी नौकरियों की रक्षा के लिए एच-1बी पर वार

**वॉशिंगटन, 25 अप्रैल. अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर एक बार फिर राजनीतिक एक बार फिर तेज हो गई है. रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने एक नया विधेयक पेश किया है, जिसमें एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल तक रोक लगाने का प्रस्ताव है.**

इस प्रस्ताव का उद्देश्य वीजा प्रणाली में व्यापक सुधार करना और अमेरिकी नागरिकों को रोजगार में प्राथमिकता देना बताया



गया है. एच-1बी वीजा की वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर केवल 25,000 करने की योजना है. इसके अलावा, वर्तमान लॉटरी प्रणाली को समाप्त कर वेतन-आधारित चयन प्रक्रिया लागू करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें न्यूनतम वेतन 200,000 डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित किया जाएगा. केवल उच्च-कुशल और उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए ही विदेशी श्रमिकों को नियुक्त किया जाए. विधेयक में यह भी प्रस्तावित है कि नियोक्ताओं को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी उम्मीदवार नहीं मिला. साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हाल ही में किसी अमेरिकी कर्मचारी की छंटनी नहीं की गई है. इसके अलावा, एच-1बी वीजा धारकों को एक से अधिक नौकरियां करने की अनुमति नहीं होगी और तृतीय-पक्ष एजेंसियों के जरिए उनकी नियुक्ति पर रोक लगाई जाएगी. अन्य सख्त प्रावधानों में आश्रितों को साथ लाने पर प्रतिबंध, वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को समाप्त करना और वीजा धारकों को स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) में परिवर्तन से रोकना शामिल है.

# आईसीयू के न्यूनतम मानक तय समय में लागू हों : सुको

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल. पूरे देश में प्रशिक्षित कर्मियों, मानकीकृत प्रोटोकॉल और आपातकालीन देखभाल तक टेक्नोलॉजी-आधारित पहुंच की आवश्यकता को दोहराते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने हेतु एक समय-सीमा के अंदर कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है.**

अपने आदेश में, जस्टिस अहसानुद्दीन अमनुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने दर्ज किया कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशा-निर्देश तय करने वाला एक आम सहमति पर आधारित 'बुनियादी दस्तावेज' तैयार कर लिया गया है और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया गया है. सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस कार्यवाही में परिकल्पित कार्य एक महत्वपूर्ण चरण तक पहुंच गया है.' कोर्ट ने आगे कहा कि ये दिशा-निर्देश 'व्यावहारिक, लागू करने योग्य हैं.

# केएल राहुल का रिकार्ड तूफानी शतक

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल. केएल राहुल (नाबाद 152) और नीतीश राणा (91) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन बनाकर आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया.**

आज यहां दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने पथुम निसंका (11) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नीतीश राणा ने केएल राहुल के साथ रनों की अविजित साझेदारी कर टीम के स्कोर को 15.3 ओवरों में 200 रनों के पार पहुंचा दिया. इस दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 47 गेंदों में 12 चौके और पांच छक्के लगाते हुए अपना शतक पूरा किया. 17वें ओवर में नीतीश कुमार को बाउंड्री पर जीवनदान मिला। दोनों बल्लेबाजों के बीच आईपीएल के इस सत्र की रिकार्ड 220 रनों की सबसे बड़ी साझेदारी हुई.



दिल्ली कैपिटल्स ने बनाए दो विकेट पर 264 रन

19वें ओवर में जेवियर बार्टलेट ने शतक की ओर बढ़ रहे नीतीश राणा को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट करा दिया। नीतीश राणा ने 44 गेंदों में 11 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 91 रनों की पारी खेली. दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट पर 264 रनों का रिकार्ड विशाल स्कोर खड़ा किया।

# एक-दूसरे को महिला विरोधी साबित करने पर लगाएंगे दांव

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 25 अप्रैल. लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का मामला अब राजनीतिक दांव-पेंच में उलझ गया है. लोकसभा में इस संबंध में पेश विधेयक के पारित नहीं होने विशेष रूप से लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन कर 850 संसदीय क्षेत्रों में तब्दील करने संबंधी विधेयक को दो तिहाई बहुमत नहीं मिलने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस दोनों ही एक-दूसरे को महिला विरोधी साबित करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं.**



**27** को बुलाया एक दिवसीय विस सत्र

**33** फीसदी आरक्षण दें महिलाओं को

इस बीच महिला सशक्तिकरण के विषय पर सदन में चर्चा कराने के लिए मप्र विधानसभा का एक दिवसीय सत्र 27 अप्रैल को बुलाया गया है. इस सत्र के लिए पक्ष-विपक्ष ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है. सत्र के दौरान सदन में सरकार शासकीय संकल्प पेश कर सकती है, जिसमें केंद्र सरकार से आग्रह किया जा सकता है कि वह लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दे. मप्र विधानसभा में 27 अप्रैल को महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा होगी. ( शेष पेज 12 पर )

### 40 से अधिक सदस्य चर्चा में ले सकते हैं हिस्सा

इस बीच सदन में दोनों ही दल एक-दूसरे को महिला विरोधी साबित करने की रणनीति तैयार करने में लगे हैं. सदन में इस विषय पर कौन बोलेगा, इसकी सूची तैयार कर ली गई है. इस विषय पर सदन में पक्ष-विपक्ष के 40 से अधिक सदस्य हिस्सा ले सकते हैं. ये संख्या आखिरी समय में बढ़ भी सकती है .विपक्ष जहां 543 लोकसभा क्षेत्रों के हिसाब से ही महिला आरक्षण के प्रावधान को लागू करने के पक्ष में है, वहीं सत्ता पक्ष परिसीमन के बाद लोकसभा की 850 सीटों के हिसाब से महिला आरक्षण के प्रावधान लागू करने के पक्ष में है.

**कूटनीति** | ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही इस्लामाबाद पहुंचा

# तनाव के बीच बातचीत की पहल, सीधी वार्ता से इनकार

**इस्लामाबाद, 25 अप्रैल. मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ईरान और अमेरिका के रिश्तों में एक बार फिर कूटनीतिक गतिविधि तेज होती दिख रही है. ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही इस्लामाबाद पहुंच चुका है, जबकि अमेरिकी दल के भी वहां पहुंचने की संभावना है. हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच कोई सीधी बैठक प्रस्तावित नहीं है.**

अब्बास अराघची इस्लामाबाद भी पहुंचे हैं, जहां वे



क्षेत्रीय साझेदारों के साथ बातचीत कर रहे हैं. वहीं अमेरिका की ओर से जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ के भी पाकिस्तान पहुंचने की संभावना है. इससे पहले जेनेवा में दोनों पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता की कोशिश हुई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाई थी. इसके बजाय, ईरान अपने विचार पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका तक पहुंचाएगा, जिससे अप्रत्यक्ष वार्ता की स्थिति बन सकती है.

हालांकि दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत की संभावना फिलहाल नहीं है, लेकिन अप्रत्यक्ष संवाद के जरिए समाधान तलाशने की कोशिशें शुरू हो गई हैं. पाकिस्तान इस बार संभावित मध्यस्थ की भूमिका में उभरकर सामने आया है, जहां दोनों पक्ष अपने-अपने प्रतिनिधियों के जरिए बातचीत कर सकते हैं.

### अमेरिका-ईरान के बीच किन बातों पर फंसा पेंच

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम पूरी तरह से बंद कर दे, लेकिन ईरान इसके लिए तैयार नहीं है. पहले दौर की बातचीत के दौरान भी इसी बात पर मामला अटक गया था. इसके साथ-साथ होर्मुज के मसले पर भी बात नहीं बन पायी थी. अब ईरान का कहना है कि दूसरे दौर की बात तभी होगी जब होर्मुज से अमेरिकी नेवी हट जाएगी.